Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 06-03-2006

Participants : Tahir Shri Mohammad

Title : Need to grant funds for desiltation of river Gomti in Sultanpur district, Uttar Pradesh.

श्री मो. ताहिर (सुल्तानपुर) : महोदय, उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर जिले से निकलने वाली गोमती नदी द्वारा प्रतिर्वा कटाव किया जाता है, जिसमें किसानों के खेत खराब हो चुके हैं। केन्द्र द्वारा नदियों में भरे गाद की सफाई करने हेतु करोड़ों राशि खर्च की जाती है लेकिन राज्य सरकार द्वारा इस योजना को कार्यान्वित करने हेतु अनियमितता की जा रही है। किसानों की उपजाऊ भूमि नदी के कटाव में बह जाती है। ऐसी नदियों की सफाई प्रतिर्वा किये जाने की अत्यंत आवश्यकता है। जिले में सबसे अधिक संख्या की प्रतिशतता खेती पर निर्भर है। यदि किसानों की भूमि को नदियों के कटाव से नहीं रोका गया तो खेतों के नुकसान से अनाज की कमी आने की पूरी संभावना है। ऐसी समस्या का स्थायी हल ढूंढा जाये। केन्द्र सरकार को शीघ्र निर्देश दें तथा नदियों के कटाव के बचाव हेतु कार्यक्रमों को लागू करें तथा केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार अपनी हिस्सेदारी की राशि ऐसी योजनाओं पर व्यय करें।